राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 13 जनवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने वीसी के माध्यम से प्रदेश में कांग्रेस के विधायकगण एवं नवनियुक्त जिलाध्यक्षगण के साथ अलग-अलग बैठक की तथा राजस्थान में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

श्री डोटासरा ने जिलाध्यक्षगण के साथ बैठक लेते हुए जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा कार्यकारिणी विस्तार, ब्लॉक अध्यक्षगण की नियुक्ति, जिले में कोरोना पीड़ितों की सेवा एवं सहायता हेतु चलाए जा रहे अभियान सहित जिले में कांग्रेस सदस्यता अभियान की समीक्षा की। उन्होंने जिलाध्यक्षगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी जिलाध्यक्षगण जिला कांग्रेस कमेटियों के शीघ्र गठन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सक्रिय कार्यकर्ताओं के नाम भेजें। उन्होंने सभी जिलाध्यक्षगण को निर्देश प्रदान किये कि प्रदेश में कोरोना महामारी के विस्तार के कारण पीड़ित लोगों को हर सम्भव सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति भूखा ना सोए तथा किसी को भी ईलाज एवं दवाईयों की कमी ना हो यह सुनिश्चित करना कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अस्पतालों एवं प्राथमिक चिकित्सालयों पर जाकर पीड़ितों के परिवार से सम्पर्क करें एवं उनकी आवश्यकताओं को जानकर सहायता प्रदान करने का कार्य करें।

एक अन्य बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने पार्टी के विधायकगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की दिनांक 31 मार्च, 2022 से आगे नहीं बढ़ाई जायेगी, अतः सभी विधायकगण इस समय अवधि के भीतर ही सदस्यता फार्म की बुकलेट प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जमा करा दें। उन्होंने बैठक में विधायकगण को सूचित किया कि डिजिटल मेम्बरशिप हेतु प्रदेश स्तर पर 10 कोर्डिनेटर नियुक्त किये जा रहे हैं तथा सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दो-दो नाम लिये जाकर डिजिटल मेम्बरशिप प्रभारी बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 7-7 चीफ इनरोलर भी नियुक्त किये जायेंगे जिनके पास उक्त विधानसभा क्षेत्र के 30 से 40 बूथों का प्रभार होगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान के सभी 50062 बूथों पर दो-दो कार्यकर्ता नियुक्त किये जायेंगे जो कि डिजिटल माध्यम से अपने बूथों पर 100 व्यक्तियों को कांग्रेस का सदस्य बनायेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter